अमर उजाला

बरेली
शनिवार, 29 जून, 2024
आषाढ़ कृष्ण-अष्टमी
विक्रम संवत-2081

PAGE NO, 07, MIDDLE

# तंबाकू का सेवन बन सकता है जान का दुश्मन



एसआरएमएस में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू न सेवन करने की शपथ दिलाई गई। स्रोत : संस्थान

अमर उजाला ब्यूरो

बरेली। एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज में विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर शनिवार को नुक्कड़ नाटक आयोजित हुआ। आरआर कैंसर इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर में ऑकोलॉजी विभाग के विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक से तंबाकू के दुष्परिणाम बताए।

निदेशक व कैंसर विशेषज्ञ डॉ. पियूष कुमार ने मरीजों और तीमारदारों को तंबाकू का सेवन न करने की शपथ दिलाई। बताया कि संस्था 18 साल में 12 हजार मरीजों की रेडियोथेरेपी, 13 हजार मरीजों की सर्जरी कर चुकी है। 40 हजार से ज्यादा कैंसर मरीजों ने कीमोथेरेपी, 39 सौ ब्रेकीथैरेपी, 7.5 हजार का पीईटी स्कैन कर चुकी है।

कैंसर विशेषज्ञ डॉ. प्राची भारद्वाज, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. आरपी सिंह, प्रिंसिपल एयर मार्शल (सेवानिवृत्त) डॉ. एमएस बुटोला अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

वहीं, स्वास्थ्य विभाग की ओर से जन जागरूकता कार्यक्रम स्वास्थ्य केंद्रों पर आयोजित हुए। चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों ने मरीज और तीमारदारों को तंबाकू सेवन के दुष्प्रभाव बताए।

## तंबाकू सेवन के दुष्परिणाम बताए

बरेली। विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर तंबाकू के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने के लिए फरीदपुर रोड स्थित इंस्टीट्यूट में कार्यक्रम हुए। प्रधानाचार्य नीमा जे सिंह ने चार्ट से सेवन के नुकसान बताए। चेयरमैन डॉ. हिमांशु अग्रवाल ने कहा कि तंबाकू से कैंसर, हृदय रोग, स्ट्रोक, फेफड़ों से संबंधित बीमारियां हो सकती हैं। प्रबंध निदेशक रेशु अग्रवाल ने दिवस मनाने के इतिहास की जानकारी दी। ब्यूरो